समाचार

निगम ने 54 स्थानों पर स्थापित किए अस्थाई प्याऊ

कोरबा 12 अप्रैल 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने 06 जोन के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर 54 अस्थाई प्याऊ स्थापित किए गए है, इनमें से अधिकांश स्थानों पर शुद्ध व ठंडे पेयजल की व्यवस्था करा दी गई है, शेष स्थानों पर एक–दो दिन के अंदर ही पेयजल की व्यवस्था का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

बढ़ती गर्मी एवं इस दौरान राहगीरों को पेयजल की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत 54 स्थानों पर अस्थाई प्याऊ स्थापित कराए गए है, ताकि आने जाने वाले राहगीरों को इस तपती गर्मी शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम द्वारा कोसाबाड़ी जोन के अंतर्गत बुधवारी बाजार के सामने, घंटाघर ओपन थियेटर के पास, पुष्पलता उद्यान के समीप, कोसाबाड़ी चौक स्थित हटरी, जिला न्यायालय के समीप, ट्रामा सेंटर के पास, तहसील आफिस के पास, पोड़ीबहार खरमोरा तिराहा, घासीदास चौक, मानिकपुर साप्ताहिक बाजार एवं मानिकपुर ठाकुरदेव चौक में अस्थाई प्याऊ स्थापित किए गए है। टी.पी.नगर जोन में नया बस स्टैण्ड, स्टेडियम चौक, सी.एस.ई.बी. चौक, टी.पी.नगर चौक, मुड़ापार बाजार, सुनालिया ब्रिज एवं एस.ई.सी.एल. चौक थाना के पास अस्थाई प्याऊ लगाए गए हैं। इसी प्रकार कोरबा जोन के अंतर्गत शारदा विहार रेलवे फाटक के पास, सुनालिया रेलवे फाटक के पास, सर्वमंगला रोड मोड़ के पास, पुराना बस स्टैण्ड, सीतामणी चौक के पास, रेलवे स्टेशन के सामने, भिलाईखुर्द चौक बरबरसपुर एवं ईतवारी बाजार चौक में अस्थाई प्याऊ स्थापित कराए गए हैं। बालको जोन के अंतर्गत चेकपोस्ट, परसाभांठा चौक, हनुमान मंदिर चौक, बस स्टैण्ड बालको, रिसदा चौक, मिनीमाता चौक, नेहरूनगर एवं अमर सिंह होटल के पास आदि स्थानों पर निगम द्वारा अस्थाई प्याऊ उपलब्ध कराए गए हैं। इसी प्रकार दर्री जोन के अंतर्गत 200 मेगावाट पावर हाउस के सामने, ध्यानचंद चौक रूमगरा में, दर्री मुख्य मार्ग स्थित सुलभ काम्पलेक्स के समीप, सरदार पटेलनगर पेट्रोल पम्प के पास, जेलगांव चौक, सेमीपाली चौक, एच.टी.पी.पी. शापिंग काम्पलेक्स व शहीद वीर नारायण चौक में अस्थाई प्याऊ लगाए गए हैं। निगम के बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत सर्वमंगला चौक, इमलीछापर चौक, बलगी चौक, कटाईनार चौक, गजरा चौक, बांकी चौक, बांकी नम्बर–2 मोड़, कबीर चौक, गेवरा चौक, नरईबोध, कुचैना बस्ती व सुतर्रा रोड चौक में निगम द्वारा अस्थाई प्याऊ की व्यवस्था की गई है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने संबंधित जोन के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि पूरे ग्रीष्म ऋतु तक निगम द्वारा स्थापित किए गए इन अस्थाई प्याऊ में शुद्ध व ठंडे पेयजल की

व्यवस्था सतत रूप से कराई जाए ताकि आने जाने वाले राहगीरो को इस तपती गर्मी में शुद्ध व ठंडे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।